सपनों के साथ बेटे को छोड़ा कोटा, अब राख लेकर गए पिता

■ पिता ने कहा कि अब हॉस्टल संचालक या जिला प्रशासन से आरोप प्रत्यारोप करने में कोई मतलब नहीं रह जाता है क्योंकि मेरा सब कुछ अब खो गया है

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी थाना इलाके में कोचिंग छात्र के सुसाइड का मामला सामने आया था। उसके परिजन बिहार से कोटा पहुंचे। उन्होंने शनिवार को तहरीर दी और 17 वर्षीय छात्र ऋषित का पोस्टमार्टम पुलिस ने करवाया है। उसके पिता डॉ. प्रदीप राघव मूलरूप से झारखंड के देवघर निवासी हैं जबकि बिहार के भागलपुर यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। उन्हें पुलिस ने शव सौंप दिया जिसके बाद परिजनों ने कोटा में ही अंतिम संस्कार किया।

डॉ.राघव का कहना है कि शव को करीब 5 दिन हो गए और काफी स्मेल आ रही है। इसके चलते बिहार ले जाना संभव नहीं है। पिता ने मलाल जताया कि 2 महीने पहले वे ऋषित को साथ ले जाते तो यह दिन देखने को नहीं मिलता और ऋषित उनके साथ होता। साथ ही उन्होंने इस मामले में हॉस्टल संचालक की गलती बताई है। डॉ.राघव का कहना है कि ऋषित कुमार 2 साल पहले कोटा आया था। वह भाई हर्षित के साथ रहता था। हर्षित वापस पटना जाकर पढ़ने लग गया था। ऐसे में अकेला ऋषित ही कोटा में रहता था। मेरी लास्ट टाइम बात सुबह 22 जून को हुई थी तब उसने कहा था कि वह जिम से आया है और अब ब्रेकफास्ट करने जा रहा है। ऋषित की मां आरती शिक्षिका हैं और प्रशिक्षण के लिए कहीं गईं थीं। उन्होंने मुझे 22 जून को बताया कि ऋषित फोन नहीं उठा रहा है। इसके बाद में लगातार फोन करता रहा उसने 26 जून तक फोन नहीं उठाया। इसके बाद हॉस्टल संचालक को मैंने कहा तब इस घटना का पता चला।

डॉ. राघव का कहना है कि हॉस्टल संचालक ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह नहीं निभाई। क्योंकि पुलिस ने मुझे बताया कि बच्चे की मौत 42 से 48 घंटे पहले हुई थी। ऐसे में हॉस्टल में नाइट अटेंडेंस भी नहीं ली गई। इसके अलावा बच्चों ने दो दिन से खाना नहीं खाया। यह जानकारी भी हॉस्टल संचालक को नहीं ली। हॉस्टल स्टॉफ समय से अपना काम करता तो 26 जून को ही इस घटना का पता चल जाता।

ऋषित के पिता डॉ.राघव का कहना है कि 2 महीने पहले उन्हें एलन कोचिंग संस्थान से शिकायत मिली थी कि ऋषित सात-आठ दिन से पढ़ने नहीं जा रहा है। ऐसे में कोटा आए थे और वापस ले जा रहे थे। क्योंकि जिस उद्देश्य से ऋषित को कोटा रखा था वह पूरा नहीं हो रहा था। हालांकि ऋषित ने उनसे आग्रह किया और कहा कि मेरा कोर्स पूरा हो जाने दीजिए तब हमने उसकी बातों में आकर यहां पर छोड़ दिया। मैं अपने बेटे के प्रेम में आकर ही उसे यहां पर छोड़कर गया था। ऐसा नहीं होता तो यह हादसा भी नहीं होता।

पिता ने कहा कि अब हॉस्टल संचालक या जिला प्रशासन से आरोप-प्रत्यारोप करने में कोई मतलब नहीं रह जाता है क्योंकि मेरा सब कुछ अब खो गया है। मेरा बेटा पढ़ाई में काफी इंटेलिजेंट था। वह स्कूल का टॉपर भी रहा है। मैं कोटा आने वाले सभी अभिभावकों को सलाह देता हूं कि बच्चों को तन्हा नहीं छोड़ा जाए। अभिभावक को कोटा रहना चाहिए। बच्चें अनमोल अनमैच्योर होते हैं। जब मैच्योर हो जाएं तभी उन्हें छोड़ा जा सकता है। अनमैयोर होने पर भटकाव उनके जीवन में आ सकता है।

सड़क पर सो रहे मजदूर परिवार पर बाइक चढ़ाई, एक की मौत

कोटा, (निसं)। शहर के रामपुरा थाना इलाके में फुटपाथ पर सो रहे परिवार को एक बाइक सवार ने सुबह कुचल दिया। फुटपाथ पर सो रहे लोगों पर बाइक चढ़ने से एक की मौत हो गई है जबकि इस घटना में दो बच्चे घायल हो गए हैं।

रामपुरा कोतवाली के हेड कांस्टेबल वहीद अहमद ने बताया कि मोहन टॉकीज के नजदीक फुटपाथ पर कुछ लोग सो रहे थे। ये लोग मजदूरी करते हैं और रात को यहीं पर सो जाते हैं। उनका परिवार भी यहीं रहता है। शनिवार सुबह के समय एक बाईक सवार व्यक्ति ने सो रहे तीन लोगों के ऊपर बाइक को चढ़ा दी। बाइक चढ़ने से जख्मी राणा मराठा को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उसके शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया है।

मृतक के शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फुटपाथ पर सो रहे लोगों पर बाइक चढ़ाने वाला शख्स घटना के बाद अपनी मोटरसाईकिल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जप्त कर थाने में खड़ा कर लिया है। बाईक चालक की तलाश की जा रही है। मृतक के भाई गणपत का कहना है कि राणा और उसका परिवार सड़क पर ही सो रहा था। बाईक सवार ने उसके कमर पर मोटरसाईकिल चढ़ा दी। उसने बताया कि उसके भाई राणा के पीठ पर से गाड़ी निकल गई जिसके चलते उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई। इस हादसे में उसके बेटे और भतीजे के भी चोट लगी है। मोटरसाईकिल सवार ही रिक्शा में लेकर राणा को अस्पताल लेकर जा रहा था और रास्ते में धक्का देकर फरार हो गया।

सार-समाचार

एस.डी.पी. डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवन दाता द्वारा देर रात व अल सुबह भी लोगों के लिए सेवा के कार्य निरंतर किया जा रहे हैं। ऐसे में सुबह करीब 3.45 बजे एक्सीडेंट में गंभीर रोगी के लिए बी पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी। मरीज महेश सोनी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने एसडीपी चढ़ाऐं जाने के लिए कहा। परिजन नीलम सोनी रात को परेशान थीं और कई ब्लड बैंक में एसडीपी के लिए प्रयास कर चुकी थी। किसी ने टीम जीवन दाता से सम्पर्क के लिए कहा, टीम जीवन दाता ने हाथ आगे बढ़ाए और अल सुबह उन्हें एसडीपी उपलब्ध कराई गई। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि नीलम सोनी के कॉल आने पर सुबह 4.00 बजे लोगों को कॉल किए गए, सुबह का वक्त था ऐसे में संभावना कम थी, लेकिन हमेशा सेवा के लिए रात को तत्पर रहने वाले लोकेश प्रजापति को कॉल किया तो उन्होंने फोन उठाया और तुरंत ही अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और 127वीं बार एसडीपी डोनेट की है। इससे पूर्व वह 20 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। रक्त कोष फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश प्रजापति ने बताया कि उनका पूरा परिवार रक्तदानी है, भाई दिनेश प्रजापति भी रक्तदान करते हैं, रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर सेवा करने पर राज्य सरकार की ओर से उन्हें 14 जून को उन्हें सम्मानित किया गया। लोकेश प्रजापति का कहना है कि रात को अक्सर लोग गंभीर अवस्था में ही फोन करते हैं और रात को की गई सेवा चिर स्मरणीय होती है। इसे लोग कभी भुला नहीं पाते, हमें सेवा के लिए दिन-रात तत्पर रहना चाहिए।

चिकित्सा उपकरण भेंट किए

कोटा, (निसं)। कोटा सिटी राउंड टेबल 358 की ओर से शॉपिंग सेंटर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (डिस्पेंसरी) में 2 कमरों का जीर्णोद्धार कराया गया है। इन कमरों का लोकार्पण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। अध्यक्ष आदित्य सेठी ने बताया कि राउंड टेबल इंडिया प्रोजेक्ट हील के तहत शिक्षा और चिकित्सा सेवाओं समेत आधारभूत सेवाओं में सुधार के लिए कार्य कर रहा है। कोटा सिटी राउंड टेबल 358 के द्वारा सुरेंद्र कुमार सेठी फाउंडेशन, कैलाश भवन, कोटा के सहयोग से शॉपिंग सेंटर डिस्पेंसरी में तकरीबन 4 लाख रुपए की लागत से टीकाकरण कक्ष एवं पैथोलॉजी लैब का कायाकल्प कराया गया है। राउंड टेबल की ओर से डिस्पेंसरी में चिकित्सा उपकरण भी भेंट किए गए। कोटा में राउंड टेबल ने इसके पूर्व भी 2 सरकारी अस्पतालों में जीर्णोद्धार का काम कराया है। लोकार्पण समारोह में वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय शायर ने राउंड टेबल को सराहते हुए कहा कि टीकाकरण कक्ष को जीर्णोद्धार की बहुत जरूरत थी। टीकाकरण कक्ष में शिशुओं, बालकों और अन्य रोगियों पर शारीरिक हानि का भी जोखिम था। उन्होंने बताया कि पैथोलॉजी लैब में भी छत से पानी का रिसाव हो रहा था। जिसके कारण प्लास्टर गिरने का खतरा था। उन्होंने कहा कि जीर्णोद्धार के बाद रोगियों को लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार सेठी फाउंडेशन के अभिभावक अभिनंदन सेठी, राउंड टेबल 358 के उपाध्यक्ष प्रांशुल कंजोलिया, सचिव उत्सव बाबेल, कोषाध्यक्ष रोहित जैन, सदस्य किंशुक जैन, सिद्धार्थ गौतम, सक्षम माहेश्वरी, सागर मित्तल, रमन भाटिया, महिमन राठी, अरिंजय बंसल आदि भी उपस्थित रहे।

बिरला को बधाई दी

कोटा, (निसं)। कोटा-बूंदी सांसद और जनप्रिय नेता ओम बिरला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भव्य स्वागत किया गया। पंकज मेहता के साथ ललित चित्तौड़ा, जगदीश शर्मा व अन्य लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर, माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान पंकज मेहता और ओम बिरला ने औपचारिक वार्ता कर कोटा के विकास पर चर्चा की। मेहता ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का पद देश में शीर्ष पद है, ऐसे में ओम बिरला के व्यक्तित्व और उनकी कार्यशैली से कोटा को एक बार फिर लाभ होगा। कोटा का सर्वांगीण विकास होगा, वहीं बड़े प्रोजेक्ट अब कोटा की धरती पर लगेंगे। भाजपा युवा नेता ललित चितौड़ा ने कहा कि ओम बिरला के कोटा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। ऐतिहासिक इस स्वागत में पलक पावड़े बिछाए जाएंगे। कोटा की धरती पर ओम बिरला के आने पर जगह-जगह स्वागत द्वारा लगाकर, पुष्प वर्षा कर, मिठाइयां बांटकर, आतिशबाजी कर अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कोटा की डेंटल तकनीशियन रंजना से संवाद किया

कोटा, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह शनिवार को नयापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री ने एमबीएस चिकित्सालय कोटा की डेन्टल तकनीशियन रंजना से सीधा संवाद किया। रंजना को राज्य सरकार से नियुक्ति पत्र मिलने पर मुख्यमंत्री ने बधाई दी। रंजना ने भी खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। महिला कार्मिक ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठाभाव एवं समर्पण से करेंगी।

हर पात्र नागरिक को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सकारात्मक प्रयास करेंगी। जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने नियुक्ति पाने वाले कार्मिकों को बधाई दी। उन्होने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। नवनियुक्त कार्मिक अपने दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण भाव से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कार्मिक आने वाले समय में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिक को पहुँचाने में अपनी महती भूमिका निभाऐं।

ऊर्जा राज्य मंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपे:- सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार उत्सव में प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने शिक्षा विभाग के प्रियंका, पूजा महावर, भवानी सिंह मीणा, नरेन्द्र मीणा, रविन्द्र गोचर, पूजा अग्रवाल को नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, समाजसेवी राकेश जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, सहायक कलक्टर सपना कुमारी, उप निदेशक रोजगार मनोज कुमार पाठक, सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं 390 नवनियुक्ति कार्मिक उपस्थित रहे।

आज बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगे

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण के तीन दिवसीय अभियान मे रविवार 30 जून को घरों के आस-पास बनाए बूथों पर सुबह 8 से शाम 5 बजे तक जन्म से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की ड्रॉप पिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि अभियान में प्रत्येक बच्चे को ये खुराक पिलाना आवश्यक है। विभाग का ये प्रयास रहेगा है कि बूथ कवरेज अधिक से अधिक हो। इसकी पूरी तैयारी है। खुराक पिलाने के लिए जिलेभर में आज 2445 अस्थाई बूथ लगाए गए हैं। इनके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड आदि जगहों पर दवा पिलाने के लिए 132 ट्रांजिट टीमे और दूर दराज, ईंट भट्टा, निर्माणधीन साइट्स व दुर्गम क्षेत्रों में दवा पिलाने के लिए अलग से 130 मोबाईल टीमे भी लगाई हैं। जिन पर प्रशिक्षित वैक्सीनेटर खुराक पिलाएंगे।

सेवानिवृत पुलिस संगठन ने अनदेखी पर आक्रोश जताया

कोटा, (निसं)। राजस्थान पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संस्थान, जिला कोटा की साधारण सभा की आवश्यक बैठक का आयोजन गोविंद सिंह बारहठ, सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में सेवानिवृत्त एवं सेवारत कर्मचारियों को आरजीएचएस, 1 अप्रैल, 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को ओपीएस की सुविधा, पेंशनर्स से कम्यूटेशन की राशि की कटौती केवल 10 वर्ष 8 माह तक किए जाने तथा 30 जून को सेवानिवृत होने वाले प्रत्येक कर्मचारियों को 1 जुलाई से वार्षिक वेतन वृद्धि व समस्त आर्थिक लाभ हेतु इसकी गणना किए जाने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह ने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार के बजट 2024- 25 में संगठन की ओर से उक्त प्रस्ताव पूर्व में ही मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार को प्रस्तुत किए जा चुके हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बजट के लिए चाहे गए सुझावों में से 66 प्रतिशत से अधिक सुझाव केवल कर्मचारियों की मांगों से ही संबंधित है। कुल प्राप्त 1,76,000 सुझावों में से कर्मचारी संगठनों द्वारा विभिन्न सेवा संबंधी लगभग 1,11,000 के सुझाव राज्य सरकार को अब तक प्राप्त हो चुके हैं जिनपर मंथन जारी है।

महासचिव के.के.शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि विगत कई वर्ष पूर्व सेवानिवृत कर्मियों को पुलिस कैंटीन की सदस्यता दिलाए जाने के संबंध में शीघ्र ही उच्चाधिकारियों से वार्ता की जायेगी। बैठक में इस माह के अंत में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर राज्य सेवा से निवृत होने वाले जिला कोटा शहर के 6, जिला कोटा ग्रामीण के 2 एवं द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा के 5 कुल 13 कार्मिकों का भी संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संभागीय मीडिया प्रभारी ललिता लोधा, जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा, सलाहकार अतहर खान, संगठन मंत्री सूरजभान सिंह, प्रचार मंत्री रामदयाल नागर, संयुक्त मंत्री राघवेंद्र सिंह, कार्यालय मंत्री बुद्ध राज सिंह हाड़ा, कोषाध्यक्ष नंदलाल गुर्जर, जलालुद्दीन, सूर्य नारायण सिंह, तथा अन्य कई सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

18वां साख्यिंकी दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। प्रख्यात सांख्यिकीविद् प्रो.पी.सी. महालनोबिस द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली के क्षेत्र एवं आर्थिक नियोजन एवं विकास में दिये गये योगदान के उपलक्ष में 29 जून 2024 को 18वां सांख्यिकी दिवस हर्षोल्लास से पंकज होटल में मनाया गया। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग कोटा के संयुक्त निदेषक श्री रामनारायण मालव, ने बताया कि कार्यक्रम में यूज ऑफ डाटा फोर डिसीजन मेकिंग विषय पर आयोजित किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान पंचायत समिति सांगोद जयवीर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीष प्रसाद महावर संयुक्त निदेषक, मुख्य आयोजना अधिकारी द्वारा की गई। सांगोद प्रधान जयवीर सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांख्यिकी दिवस एवं विभागीय कार्यो की महत्ता के बारे में अवगत कराया। साथ ही समारोह में सांख्यिकी कार्मिको द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में सांख्यिकी डाटा का देश के विकास में योगदान के बारे में बताया गया। कार्यषाला के दौरान सांख्यिकी दिवस की विषयवस्तु आधारित प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत करते हुये विभागीय योजनाओं एवं सांख्यिकी के व्यवहारिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री आज किसानों से संवाद करेंगे

कोटा, (निसं)। किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री आज दोपहर 12 बजे किसानों से संवाद करेंगे। वीसी के माध्यम से कोटा जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 500 लाभार्थियों एवं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय पर 200 एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 50 लाभार्थियों से वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे।

समर कैंप का समापन

कोटा, (निसं)। एलबीएस विशेष विद्यालय महावीर नगर विस्तार योजना में विशेष विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान समर कैम्प का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया कि विशेष बच्चों के मनोरंजन हेतु एलबीएस विशेष विद्यालय में आयोजित समर कैम्प में बच्चों को योगा, खेल, डांस, चित्रकला सहित आदि गतिविधियां करवाई।

'बच्चों में मोबाईल की आदत से मस्तिष्क कमजोर होता है'

■ 'नकारात्मकता की सोच को दूर करना बेहद आवश्यक है'

कोटा, (निसं)। एक स्वस्थ व्यक्ति का दिमाग भी स्वस्थ होना चाहिऐं, यदि ऐसा है तो परेशानियों का निदान आसान हो जाता है। एक स्वस्थ दिमाग वाले व्यक्ति में स्पष्ट सोचने और जीवन में सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होती है। एक जुलाई को विश्व में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है और इस दिन कहीं ना कहीं किसी ना किसी रूप में जागरुकता के कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

कोटा में भी अफिनिटी हॉस्टिपल तलवंडी में एक नया कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें हम मनोरोगी की नि:शुल्क काउंसलिंग कर सकेंगे। डॉ. नीना विजयवर्गीय मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएस (साइकेट्री), एमआईपी ने बताया कि कोटा और आसपास के गांव में मनोरोग को लेकर काफी भ्रांतियां है, लोग अस्पतालों में देर से पहुंच रहे हैं जिस कारण उनकी बीमारी बढ़ जाती है और उनके स्वस्थ्य होने में भी समय लगता है। उन्होंने कहा कि हम कोटा में एक कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहे हैं जिसमें हमारी एक्सपर्ट टीम हर रविवार को निशुल्क काउंसलिंग देगी, ताकी मरीज की समस्या का समाधान ढूंढा जा सके। डॉ.नीना ने कहा कि वर्तमान समय में लोगों में मोबाईल का नशा भी घातक होता जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल को देखते हैं जो एक लत बन जाती है जिससे बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं और उनका मस्तिष्क भी धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। डॉ.नीना ने कहा कि हमे मोबाईल की लत से दूर रहना होगा।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति इसकी लत से अनावश्यक आक्रोशित हो रहा है, घर परिवार में विवाद बढ़ रहे हैं और यही मानसिक रोग का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि यदि आपका बच्चा गुमसुम रहता है या ज्यादा मस्ती करता है, परेशान करता है, जिद करता है, क्लास में कमजोर है या फिर पांच साल से अधिक उम्र का बच्चा बिस्तर में पेशाब कर रहा है तो उसे मानसिक रोग हो सकता है, इसके लिए एक बार से मनोचिकित्सक को दिखाने से उसकी जीवन को बिगड़ने से बचाया जा सकता है।

हॉस्पिटल के निदेशक शशांक विजयवर्गीय एवं डॉ.नीना विजयवर्गीय ने बताया कि आगामी वर्ष में हमारा प्रयास रहेगा की हम कोटा और आसपास के गांव में जागृति पैदा करें, लोगों को मनोरोग के बारे में जानकारी दें और निशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से उनकी समस्या का निदान करें।

डॉ.नीना ने कहा कि डॉक्टर्स डे मनाने के पीछे उद्देश्य आमजन के बेहतर स्वास्थ का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि लोगों में झाड़-फूंक, स्थानों पर ढोकना, भभूत व अन्य तरह से अंधविश्चास को दूर करने की आवश्यकता है। इन अंधविश्वास के कारण मरीज को लम्बा समय उपचार के अभाव में हो जाता है जो घातक होता है, यदि मरीज को समय रहते उपचार मिल जाए तो वह पूरी तरह से ठीक हो सकता है। माना जाए तो अधिकांश व्यक्ति किसी ना किसी रूप में अवसाद में रहते हैं। एक बेहतर लाइफ के साथ आधुनिकता की दौड़ में हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाते और शरीर में कई कमियां देखी जा सकती है। ऐसे में एक बड़ी संख्या ऐसी है जिन्हें किसी ना किसी रूप में मनोरोग होता है लेकिन वह समय पर उपचार नहीं ले पाते।

डॉ.नीना विजयवर्गीय ने कहा कि हमारे मन में नकारात्मक सोच नहीं आनी चाहिए, इसके लिए हम हमारे जीवन शैली को संतुलित करें, यदि नकारात्मक सोच रहेगी तो परिणाम दुखद होंगे। हमें मनोरोगी को प्राथमिक समय में ही चिकित्सक को दिखाया जाना चाहिए नहीं तो परिणाम घातक हो सकते हैं। मनोरोग से पीड़ित ज्यादातर लोग दूसरे सामान्य लोगों जैसा ही व्यवहार करते हैं और वैसे ही दिखते हैं। इन आम मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में अवसाद, चिंता, यौन समस्याएं तथा व्यसनों की लत शामिल हैं। ऐसे लोगों को सहानुभूति की बेहद आवश्यकता है। अफिनिटी हॉस्पिटल तलवंडी में मनोरोगी की बेहतर टीम कार्य कर रही है।

पश्चिम मध्य रेल

मुख्य कारखाना प्रबंधक,
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
निविदा सं. M-324-Horticulture-Ten-01
दिनांक: 27.06.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु0का0प्र0, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित करते है। टेण्डर सं.- M-324-Horticulture-Ten-01, कार्य का विवरण: माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में चौबीस माह की अवधि हेतु उद्यानों/लॉन/पार्कों के सामान्य रखरखाव का कार्य।, अनुमानित लागत (रू. में): रुपये 7,72,255.07/-, निविदा प्रपत्र राशि(रू. में): निल, बयाना राशि(रू.में): 15,500.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 माह, निविदा बंद / खोलने की तारीख और समय: बंद होगा 11.30 बजे दिनांक: 22.07.2024 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक: 22.07.2024। ई-निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-I,
मा.डि.म. कारखाना, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-746 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-26.06.24

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा सुभाष नगर आवासीय योजना भूखंड संख्या 1035 का आवंटन/हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 429-30 दिनांक 16.12.2014 को श्री सत्यनारायण नागर पुत्र श्री हुकम चन्द को किया गया था। आवंटी श्री सत्यनारायण नागर पुत्र श्री हुकम चन्द द्वारा उक्त भूखंड का मुख्तारआम श्री गोपी चन्द बिन्दल पुत्र श्री राम किशोर बिन्दल को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री गोपी चन्द बिन्दल पुत्र श्री राम किशोर बिन्दल द्वारा उक्त भूखंड संख्या 1035 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.06.2023 को श्रीमती मीना राठौर पुत्र श्री कुलदीप राठौर के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड 1035 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मीना राठौर पुत्र श्री कुलदीप राठौर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

वूमेन एंटरप्रेन्योर का एग्जीबिशन आज

कोटा, (निसं)। कोटा वूमेन एंटरप्रेन्योर द्वारा रविवार को स्टेशन रोड स्थित होटल रेलेंटीनो पर क्रिएटिव मंत्रा ओपन टेबल प्रीमियम लाईफ़स्टाइल एग्जिबिशन का आयोजन करने जा रही है जिसमें पूरे कोटा की वूमेन एंटरप्रेन्योर्स अपने स्टॉल्स लगाएंगी। अध्यक्ष डॉली मदनानी ने बताया कि गत 6 साल से यह एग्जीबिशन लगाई जाती है। इससे अक्षम महिलाओं को बल मिलता है। उन्हे अपने हाथो से बने उत्पादकों को प्रदर्शनी का मंच मिलता है उनकी कला का प्रचार होता है। रविवार को सुबह 10.00 से लेकर रात को 9.00 तक यह एग्जीबिशन चलेगी। डॉली मदनानी ने बताया कि यहां एक ही छत के नीचे हर वैरायटी का स्टाल महिलाओं द्वारा लगाए जाएंगे। जिसमें हाडौती सहित रतलाम,इंदौर व कलकत्ता से महिला उद्यमियां शामिल हो रही है।